सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7700	27.08.2023	28.08.2023	Sitapur Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sitapur/fever-spread-in-seven-villages-150-sick-sitapur-news-c-102-1-slko1053-1948-2023-08-27
Title:	**Fever spread in seven villages, 150 sick, Sitapur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sitapur, SSU- Uttar Pradesh			

अर्थाना, ढलिया, टेड़वा, लिल्सी गौरा गांव में वायरल का प्रकोप फैला है। इन गांवों में 150 से अधिक लोग बुखार की चपेट में हैं। प्राइवेट अस्पतालों में हुई जांच में कई लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कोई टीमें गांव नहीं पहुंची।

अर्थाना निवासी गुरुदीन को पांच दिन से बुखार आ रहा है। उन्होंने पहले सरकारी अस्पताल में दिखाया लेकिन हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों ने गंभीर हालात में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। अर्थाना के कृष्ण कुमार, अरविंद, अन्नूलाल, हिमांशु पांडेय, सत्यप्रकाश, लोकराम व गांव के कई लोगों को मलेरिया हो चुका है। इन पीड़ितों ने बुखार आने पर जब प्राइवेट में दिखाया तो डॉक्टरों ने मलेरिया होने की बात कही। ये लोग प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

गदनापुर, अरसेहरा व बंडिया गांव में बुखार तेजी से फैल रहा है। इन गांवों के लोग बुखार की चपेट में आ गए हैं। अभी तक गांवों में टीमें नहीं पहुंची हैं। इससे लोग बहुत परेशान

हैं। विकास खंड पिसावां के ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद यादव ने बताया कि गांवों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक पिसावां डॉ. संजय श्रीवास्तव से संपर्क नहीं हो सका।

गांव में भेज रहे टीमें

जिन गांवों में बुखार फैला हुआ है, उनकी सूची बना ली है। वहां पर टीमें भेजकर मरीजों का इलाज करवाया जाएगा। **- डॉ. हरपाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी**

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!